RNI NO. - CHHHIN/2011/38292

13 वर्ष निर्भीक पत्रकारिता के
अब 14 वें वर्ष की ओर
पाठकों/दर्शकों का असीम स्नेह

Bharatsamman.com  Bharat samman  Bharat Samman

हो जाओ सावधान




वर्ष-14 अंक-16 — अम्बिकापुर, बुधवार, 24 अप्रैल 2024 — कुल पृष्ठ-4 मूल्य-1.00 रू.

# पीएम मोदी पर पलटवार करते हुए बोलीं प्रियंका गांधी, मेरी मां ने 'मंगलसूत्र' इस देश के लिए कर दिया बलिदान

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मंगलसूत्र' वाले बयान की आलोचना करते हुए मंगलवार को कहा, सच तो यह है कि भाजपा सरकार ने इन 10 वर्षों में आपके लिए काम नहीं किया। ÷मेरी मां का 'मंगलसूत्र' इस देश के लिए बलिदान कर दिया गया, जब युद्ध हुआ तो इंदिरा गांधी ने अपना सोना दान कर दिया।

### बीजेपी पर प्रियंका का 'सुपरमैन' तंज

कर्नाटक रैली में प्रियंका गांधी वाड्रा ने देश में बढ़ती महंगाई के लिए भारतीय जनता पार्टी पर 'सुपरमैन' तंज कसते हुए कहा कि




बीजेपी ने बहुत सारे वादे किए लेकिन पूरा कुछ नहीं किया। बेंगलुरु में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए प्रियंका ने कहा, आपको 'सुपरमैन' की छवि दिख गई लेकिन आपको 'मेहंगइमान' मिले। उन्होंने दावा किया कि भाजपा लोकतंत्र को कमजोर करने का प्रयास कर रही है। आज संविधान बदलने की बात हो रही है, संविधान बदलने से क्या होगा? आपके अधिकार कमजोर हो जाएंगे, आपकी ताकत कम हो जाएगी। उन्होंने कहा, क्योंकि संविधान के तहत इस देश के हर व्यक्ति को, चाहे वह पुरुष हो या महिला, किसी भी जाति का, किसी भी धर्म का, चाहे वह किसान हो, या प्रधान मंत्री, सभी को समान अधिकार मिलते हैं।

# हिन्दू-मुसलमान-ईसाई के आधार पर बांटकर हम देश को नहीं बनाना चाहते', कांग्रेस पर बरसे राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली।** बिहार में सभा के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि आप संपत्तियों का सर्वे कराकर क्या करना चाहते हैं? जाति-पंथ- मजहब, हिन्दू-मुसलमान- ईसाई के आधार पर बांटकर हम देश को नहीं बनाना चाहते है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जदयू प्रत्याशी अजय मंडल के समर्थन में एक चुनावी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने राजद और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि इन्होंने धर्म और जाति के आधार पर लोगों को बांटकर राजनीति की। राजनीति सरकार बनाने के लिए नहीं, देश बनाने के लिए होनी चाहिए। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सही मायने में बाबा साहब, कर्पूरी ठाकुर के सपने को पूरा कर रहे हैं।

### कांग्रेस और आरजेडी ने बिहार को किया बर्बाद

राजनाथ सिंह ने आगे कहा कि मोदी सरकार की योजनाएं जाति और धर्म पूछकर लागू नहीं की गई। सभी धर्मों के गरीबों का पक्का मकान बना तो सभी गरीबों के घर में मुफ्त राशन पहुंचा। कांग्रेस और राजद ने बिहार को बर्बाद कर दिया। देश और दुनिया में बिहार के जंगलराज की चर्चा होती थी। चर्चा इसकी



होती थी कि यहां के मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार में जेल चले गए। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि क्या आप फिर से बिहार को लालटेन युग में ले जाना चाहते हैं।

### क्यों कराना चाहते हैं संपत्तियों का सर्वे

उन्होंने कहा कि देश की जनता ने ठान लिया है कि देश और बिहार में मोदी और नीतीश कुमार रहेंगे। राजद वाले कहते हैं कि लालटेन जल रही है, लेकिन सही मायने में लालटेन जल नहीं रही, भभक रही है, जो अब बुझने वाली है। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस के लोगों ने इस समय एक हंगामा खड़ा किया है। मैं कांग्रेस से पूछना चाहता हूं कि आप संपत्तियों का सर्वे कराकर क्या करना चाहते हैं? जाति-पंथ- मजहब, हिन्दू-मुसलमान- ईसाई के आधार पर बांटकर हम देश को नहीं बनाना चाहते, बल्कि, हम सबको साथ रखकर भारत को विश्व का महान देश बनाना चाहते हैं।

# फिलहाल जेल में ही रहेंगे अरविंद केजरीवाल, कोर्ट ने 7 मई तक बढ़ाई न्यायिक हिरासत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आज दिल्ली की रोज एवेन्यू कोर्ट से झटका लगा है। कोर्ट ने केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 7 मई तक बढ़ा दी है। उनके साथ के कविता की न्यायिक हिरासत भी 7 मई तक बढ़ाई गई है। अब 7 मई को अरविंद केजरीवाल की अगली पेशी होगी।



सीएम केजरीवाल मंगलवार को जेल से वीडियो कॉन्फ्रेसिंग से न्यायिक हिरासत खत्म होने के बाद पेश हुए थे। इससे पहले आबकारी नीति घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार अरविंद केजरीवाल की दिल्ली की एक अदालत ने 23 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत बढ़ा दिया था। 14 दिनों की न्यायिक हिरासत समाप्त होने के बाद केजरीवाल को जज कावेरी बावेजा की अदालत में पेश किया गया था।

# भगवान राम की इमेज वाली प्लेट में परोसी जा रही थी बिरयानी

## जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस

**नई दिल्ली।** उत्तर पश्चिमी दिल्ली में एक बिरयानी विक्रेता अपनी दुकान पर गवान राम की इमेज वाली डिस्पोजेबल प्लेट पर अपनी डिश परोस रहा था। इस बात की जानकारी जैसे ही लोगों को हुआ उनमें आक्रोश फैल गया। वहीं, मामले की जानकारी होते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले को सुलझाया। पुलिस ने बताया कि उसने विक्रेता की दुकान से भगवान राम की तस्वीर वाली प्लेट बरामद की है।

स्थानीय हिंदू समूहों ने रविवार को बिरयानी की दुकान पर देवता की इमेज वाली प्लेटों को देखा, तब यह घटना सामने आई। डिस्पोजेबल प्लेट पर भगवान राम की इमेज दिखाने वाला एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसके बाद दुकान के पास भीड़ जमा हो गई। इन प्लेटों पर बिरयानी परोसते देख स्थानीय लोगों ने विक्रेता का विरोध किया।

### पुलिस ने स्थिति को संभाला

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, स्थिति को संभालने के लिए मौके पर पुलिस पहुंची और एक बिरयानी दुकान पर भगवान राम की इमेज छपी दो प्लेटें मिलीं। हम मामले की जांच कर रहे हैं। इस बीच, लोगों ने अपने एक्स अकाउंट से विक्रेता द्वारा इस्तेमाल की गई भगवान राम की इमेज वाली प्लेट शेयर की।



### सोशल मीडिया पर दिखा लोगों का गुस्सा

एक एक्स यूजर संदीप ने लिखा, ÷वह जानबूझकर ऐसा कर रहा है। उसे यह भी पता है कि यह गलत है, लेकिन वह लगातार भगवान राम की इमेज वाली प्लेट में बिरयानी परोस रहा है। एक अन्य एक्स यूजर शिल्पा ने लिखा, दिल्ली के जहांगीरपुरी में भगवान राम की इमेज वाली प्लेट पर बिरयानी परोसी गई। हिंदू संगठनों ने इसे देखा और पुलिस को बुलाया। उन्होंने देखा कि प्लेट में बिरयानी परोसी जा रही थी और उपयोग के बाद कूड़े में फेंक दी गई। कृपया दुकान के मालिक का नाम न पूछें।




आमजन, गरीब-मज़लूमों पर होने वाले अत्याचार के विरुद्ध क्रांतिकारी पत्रकारिता का नाम है भारत सम्मान, जब शासन-सत्ता में बैठे ऐसे लोग जो पद-पावर के नशे में चूर होकर करते हैं अपने कर्तव्यपालन में चूक तो भारत सम्मान करता है उन्हें दुरुस्त...

2011 से भारत सम्मान आगे बढ़ रहा है और मिसाल क़ायम कर रहा है ईमानदार पत्रकारिता की..

भारत सम्मान दैनिक समाचार पत्र के साथ-साथ वेबसाईट - www.bharatsamman.com, फेसबुक पेज - Bharat Samman व यू-ट्यूब - Bharat Samman News के माध्यम से जनहित के खबरों को प्राथमिकता देते हैं। हमारा दावा है यदि आप पर ज़ुल्म हुआ है, आप न्याय के लिए कर रहे हैं संघर्ष तो केवल एक ही नाम आपको याद होना चाहिए...

भारत सम्मान

इसी क्रांतिकारी मुहिम से निम्न जगहों पर जुड़ने के लिए सम्पर्क करें

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, उत्तर प्रदेश, उतराखण्ड, बिहार, बंगाल व देश के सभी राज्यों में ब्यूरो व संवाददाता बनने संपर्क कर सकते हैं।

इन पदों में होंगे नियुक्त...

1 - राज्य ब्यूरो प्रमुख
2 - राज्य अपराध ब्यूरो प्रमुख
3 - जिला ब्यूरो प्रमुख
4 - जिला अपराध ब्यूरो प्रमुख
5 - तहसील संवाददाता
6 - तहसील अपराध संवाददाता

अपना फोटो लगा बायोडाटा हमारी ई-मेल आईडी bharatsammannews@gmail.com या व्हाट्सएप्प No. 09303890212 पर भेजे।

नोट

1. केवल ईमानदार लोग ही संपर्क करें, पत्रकारिता के नाम पर वसूली करने अथवा ब्लैकमेल करने वालों से हमारा कोई वास्ता नहीं
2. यहां नौकरी नहीं दी जाती है, यदि हमारे संस्था के नाम का गलत इस्तेमाल करता है, तो हमारे द्वारा जारी नंबर पर शिकायत जरूर करें।

प्रसार/प्रबंध
सम्पादक
भारत सम्मान न्यूज नेटवर्क
094242 62547
09303890212

## संपादकीय

### स्वार्थ की जंग में राष्ट्रीयता की शहादत

देश में चुनावी जंग जारी है। सभी राजनैतिक पार्टियां अपनी निर्धारित नीतियों-रीतियों के अलावा तात्कालिक हथकण्डे आजमाने में लगीं हैं। बंगाल का चुनावी इतिहास आतंक के साये में हमेशा से ही फलता-फूलता रहा है। कभी लाल सलाम का रंग चढता रहा तो कभी दीदी की दादागिरी चलती रही। घुसपैठियों की दम पर सत्ता हथियाने की मुहिम चलाने वाली तृणमूल मुखिया पर तो देश की सरकारी एजेन्सियों तक पर आक्रमण करवाने के आरोप लगते रहे हैं। पूर्व घोषित दंगों का व्यवहारिक स्वरूप सामने आने के बाद से तो वहां के आम निवासियों में भय व्याप्त होने लगा है। पुलिस के सामने ही अपराधों का कीर्तिमान गढने का जो सिलसिला प्रारम्भ हुआ, वह निरंतर जारी है। तुष्टीकरण के हथियार से देश को रक्तरंजित करने का षडयंत्र करने वाली पार्टियां कभी देश के टुकडे-टुकडे गैंग को चुनावी जंग में जहरीली सोच के साथ उतारतीं हैं तो कभी आतंक के पर्याय रहने वालों को गले लगाते हैं। सिध्दान्तों की होली जलाकर स्वार्थ सिध्दि का परिणाम पाने वालों की संख्या में निरंतर बढोत्तरी होती जा रही है। हिन्दूवादी छवि के साथ बाला साहब ठाकरे ने शिवसेना का गठन किया था। उनके शरीर त्यागते ही पार्टी हथियाने का संग्राम शुरू हो गया। विरोधी नीतियों के पक्षधरों के साथ मिलकर सत्ता-सिंहासन लेने का क्रम चल निकला। मुसलमानों को संरक्षण देने के नाम पर बनाई गई आल इण्डिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन ने अनेक अवसरों पर विरोधियों को गले लगाकर अपने सिध्दान्तों को कफन पहना दिया। दलितों की मसीहा बनने वाली बहुजन समाज पार्टी की नीतियों ने आधारभूत सिध्दान्तों को तिलांजलि देकर अपने विरोधियों के साथ मिलकर अनेक बार सरकार बनाई। जनता दल यूनाइटेड ने तो अपने आदर्शो को स्वार्थ की देहलीज पर किस्तों में कत्ल करके अनेक बार सत्ता पर काबिज हुई। स्वार्थपूर्ति में बाधा पडते ही असंतुष्टों द्वारा तो पुराने संगठन से दूरी बनाकर स्वयं के दल की घोषणा तक की जाती रही है। शासक बनने के लिए कोई भी कीमत चुकाने को तैयार लोगों ने देश की अतीतकालीन संवेदनाओं, भावनाओं और चिन्तन को अनन्त गहराई में दफन कर दिया है। इस सारे क्रिया कलापों का स्पष्ट प्रतिबिम्ब राजनैतिक दलों के घोषणा पत्रों, न्याय पत्रों, संकल्प पत्रों आदि में परिलक्षित हो रहा है। अनेक दलों के संयुक्त गठबंधनों की अपनी कोई सांझी कार्ययोजना सामने नहीं आई है। गठबंधनों के सभी दल अपनी अगल-अलग सोच को लेकर सत्ता में पहुचने के बाद व्यवहार में लाने वाली कार्ययोजना का ढांचा प्रस्तुत कर रहे हैं। ऐसे में गठबंधनों का स्वयं का अस्तित्व ही खतरे में दिखाई पड रहा है। मुट्ठी भर सीटों पर चुनाव लडने वाले दल भी राष्ट्रीय नीतियों के निर्धारण करने में जुटे हैं। कहीं साम्प्रदायिक खाई को चौडा करने की होड लगी है तो कहीं जातिगत जनगणना के आधार पर शक्ति संघर्ष का आधार तैयार किया जा रहा है। कहीं अलग-अलग विशेषाधिकारों की वकालत हो रही है कहीं स्वतंत्रता के विकृत मायने परोसे जा रहे हैं। स्वार्थ की जंग में राष्ट्रीयता की शहादत लेने वालों को देश का सम्मान, विकास और सौहार्द की कतई चिन्ता नहीं है। वे नेत्रवान होने के बाद भी धृतराष्ट्र बनने पर तुले हैं, मीरजाफर बनकर सुख बटोरना चाहते हैं और करना चाहते हैं किसी भी कीमत पर स्वार्थपूर्ति। ऐसे लोगों की राष्ट्वादी तो क्या राष्ट्र का नागरिक तक कहना, शर्म की बात है। जिस देश के नागरिक अपनी धरती से उगने वाले अन्न और बहने वाले पानी पर जीवन यापन करने के बाद भी उसके टुकडे-टुकडे करने का मंसूबा पाल रहे हों वहां पर शान्ति, सुख और समृध्दि की बयार कभी भी जीवनदायिनी वायु नहीं बन सकती। अतीत में कोलकता के रास्ते से गोरों ने विनाश का दूत बनकर प्रवेश किया तो वहीं से सुभाषचन्द्र बोस जैसे स्वाधीनता संग्राम के पुरोधा ने भी स्वाधीनता का शंखनाद किया था। मगर गोरों की चालों ने राष्ट्नायक सुभाष को गुमनामी के अंधेरे में ढकेलकर अपने चमचों को देश का महान नेता बना दिया था। आजाद हिन्द फौज के रणबांकुरों से भयभीत होकर देश छोडने पर मजबूर हुए गोरों ने जाते-जाते मजहब के नाम पर देश को टुकडों में विभाजित कर दिया था किन्तु आज अनेक राजनैतिक दल हमारे भारत के पुनःटुकडे करने पर तुले हैं। विभाजनकारी, विध्वंशकारी और विनाशकारी सोच को संरक्षण देने वालों को मुंह तोड जबाब दिये बिना राष्ट्र को विकास के रास्ते पर ले जाना असम्भव नहीं तो कठिन अवश्य है। ऐसे में व्यक्तिगत हितों को त्यागकर राष्ट्र हित के आधार पर ही मतदान करना आवश्यक नहीं बल्कि नितांत आवश्यक है, तभी देश बच सकेगा। इस बार बस इतना ही। अगले सप्ताह एक नई आहट के साथ फिर मुलाकात होगी।

# रायगढ़ जिले के जंगलों में 138 हाथी अलग-अलग दल में कर रहे विचरण

**रायगढ़।** रायगढ़ जिला बीते कई सालों से हाथियों के आतंक से जूझ रहा है। यहां के रायगढ़ एवं धरमजयगढ़ दोनों वन मंडलों के कई रेंज में हर साल हाथियों की मौजूदगी रहती है जो आए दिन जंगलो से निकलकर रिहायशी इलाकों में दस्तक देकर अपनी मौजूदगी अहसास कराते आ रहे हैं। हाथियों की लगातार बढ़ती संख्या से यहां हाथी और मानव के बीच द्वंद में कभी इंसान तो कभी हाथी की मौत की खबरें अक्सर सामने आते रही हैं। जंगलों में विचरण करने वाले हाथियों के मूवमेंट पर वन विभाग ड्रोन कैमरे से नजर बनाये हुए है ताकि हाथी प्रभावित गांव के ग्रामीणों को पहले से हाथियों के बारे में बताकर उन्हें सावधान किया जा सके। ड्रोन कैमरे का एक ऐसा वीडियो मिला है जिसमें जंगलों में हाथियों का एक दल विचरण करते हुए दिखाई दे रहा है।



जानकारी के मुताबिक छत्तीसगढ़ का रायगढ़ जिला पहाड़ो और घने जंगलों से घिरा हुआ है यहां के जंगलों में हाथी के अलावा अन्य कई प्रकार के वन्यप्राणी विचरण करते हैं। खासकर जंगलों में भोजन और पानी की पर्याप्त मात्रा होने की वजह से हाथियों ने बीते कई सालों से डेरा डाला हुआ है। रायगढ़ जिले के कुदमुरा गांव के जंगल में विचरण करने वाले हाथियों के एक दल का ड्रोन कैमरा का वीडियो भी सामने आया है जिसमें हाथी का दल जंगल में विचरण करते हुए दिखाई दे रहा है। वन विभाग के अधिकारियों के द्वारा लगातार ड्रोन कैमरे के जरिये जंगलों में विचरण करने वाले हाथियों पर नजर रखते हुए हाथियों की तरफ जाने पर पूरे गांव में मुनादी कराते हुए ग्रामीणों को सावधानी बरतने की बात कही जाती है। साथ ही साथ किसी भी हाल में जंगल की तरफ नही जाने की सलाह भी दी जाती है ताकि उनके क्षेत्र में किसी भी प्रकार की जनहानि की घटना घटित न हो। एक जानकारी के मुताबिक इन दिनों रायगढ़ जिले के जंगलों में 138 हाथी रायगढ़ एवं धरमजयगढ़ वन मंडल के अलग-अलग रेंज में विचरण कर रहा है। इस दल में 34 नर हाथी, 64 मादा, 40 बच्चे शामिल है। हाथियों के इस दल में बोरो के खम्हार बीट में सर्वाधिक 32 हाथी, छाल के हाटी बीट में 2 हाथी, धरमजयगढ़ के पोटिया बीट में 12 हाथी, धरमजयगढ़ के कोयलार बीट में 10 हाथी, कापू के कुमरता पूर्व बीट में 11 हाथी के अलावा धरमजयगढ़ वन परिक्षेत्र के अलग-अलग बीट में हाथियों का दल विचरण कर रहा है। इसी तरह रायगढ़ वन मंडल के घरघोड़ा के कटंगडीह बीट में सर्वाधिक 13 हाथी है, नवापारा में 8, कांटाझरिया में 4, कमतरा में 3 के अलावा कसडोल एवं तमनार के केराखोल पूर्व में एक-एक हाथी हैं विचरण कर रहे हैं।

# मवेशी को बचाने के चक्कर में कार पलटी

### बंगुरसिया के पास हुआ हादसा, चालक की मौत, शादी समारोह से लौट रहा था फोटोग्राफरों का दल

**रायगढ़।** चक्रधर नगर से पालीघाट तमनार को जोड़ने वाले मार्ग में तड़के सुबह एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना घटित हो गया। जिसमें शादी समारोह में ग्राम लिबरा से शूटिंग कर वापस लौट रहे फोटोग्राफर ग्रुप की कार तेज रफ्तार होने से बेकाबू होकर सड़क से उतरकर पलट गई। हादसे में कार चालक की मौत हो गई, जबकि सवार अन्य 4 को मामूली चोट आई है।

जानकारी के मुताबिक रायगढ़ फोटोग्राफर एसोसिएशन के संस्थापक सदस्य फोटोग्राफी बंसी स्टूडियो के संचालक बंसी पटेल शादी समारोह में तमनार के ग्राम लिबरा में फोटो तथा वीडियो के लिए अपने दल के सदस्यों को लेकर गए थे। इस बीच काम को खत्म करने के बाद अपने कार क्रमांक सीजी 13 वाय 7364 से लौट रहे थे। कार का चालन स्वयं बंसी द्वारा किया जा रहा था। इस बीच कार की रफ्तार अधिक होने के चलते वह कार पर नियंत्रण नही रख पाया जिससे हुंडाई कार दुर्घटना का शिकार होकर सड़क से उतरते हुए पलटी मार दिया। इस हादसे में कार चालक की दर्दनाक मौत मौके पर हो गई जबकि अन्य 4 युवको को मामूली चोट आई है। हादसे की वजह को लेकर बताया जा रहा है कि देर रात तक शूटिंग व अन्य कार्यो को पूरा करने के बाद वे वापस आ रहे थे। इस दरम्यान बंगुरसिया मार्ग में मवेशियों का झुंड था, जिसमें एक मवेशी झुंड से अलग होकर सड़क में अचानक आ गया जिसे बचाने के चक्कर मे कार अनियंत्रित होकर पलट गई। बहरहाल चक्रधर नगर पुलिस मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम व अन्य कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया में जुट गई है।



### पीएम की आपत्तिजनक तस्वीर बनाकर किया पोस्ट, अपराध दर्ज

**बिलासपुर-रायपुर।** बिलासपुर में पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की तस्वीरों को एडिट कर भगवान का रूप देकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया। इसमें महिला की आपत्तिजनक फ़ोटो भी है। भाजपा युवा मोर्चा के पदाधिकारी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफकेस दर्ज कर लिया है। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है। भाजपा युवा मोर्चा के कार्यसमिति के सदस्य धनंजय गोस्वामी ने अपनी शिकायत में बताया है कि सोशल मीडिया प्लेटफर्म फेसबुक पर सूर्या कश्यप नाम के युवक की आइडी से यह आपत्तिजनक पोस्ट की गई है।

# प्रधानमंत्री की सभा आज अंबिकापुर में, सरगुजा, कोरबा व रायगढ़ लोकसभा के मतदाताओं को साधेंगे नरेन्द्र मोदी

**अंबिकापुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को अंबिकापुर के कालेज मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री के प्रवास को देखते हुए सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। अंबिकापुर की सभा के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरगुजा के साथ ही कोरबा और रायगढ़ संसदीय सीट के मतदाताओं को साधने का प्रयास करेंगे। सभा के लिए कालेज मैदान में सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

सभा में एक लाख से भी अधिक लोगों के शामिल होने का अनुमान है उस अनुरूप सारी व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की गई है। शहर में नौ अलग-अलग पार्किंग स्थल बनाए गए हैं ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो। पुलिस की ओर से पहले ही यातायात को लेकर एडवाइजरी जारी की जा चुकी है। अलग-अलग मार्गो से आने वाले लोगों के लिए अलग-अलग पार्किंग स्थल तैयार किए गए हैं। तय कार्यक्रम के अनुसार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 24 अप्रैल की सुबह 8ः30 बजे राजभवन रायपुर से प्रधानमंत्री मोदी रायपुर एयरपोर्ट के लिए रवाना होंगे। वे 8ः45 बजे रायपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे।8ः55 बजे रायपुर एयरपोर्ट से रायगढ़ के लिए उड़ान भरेंगे। सुबह 9ः35 बजे रायगढ़ एयरपोर्ट पहुंचेंगे और वहां से 9ः40 बजे अंबिकापुर के लिए उड़ान भरेंगे। 10.35 बजे अंबिकापुर हेलीपैड पर



उनका विमान उतरेगा। 10ः40 बजे अंबिकापुर हेलीपैड से सड़क मार्ग से पीजी कालेज मैदान पहुंचेंगे।ज 10ः45 से 11ः25 तक आमसभा को संबोधित करेंगे। यहां से वे रायगढ़ एयरपोर्ट के लिए रवाना हो जाएंगे।

#### 10 आइपीएस के साथ डेढ़ हजार अधिकारी-कर्मचारी ड्यूटी पर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रवास के लिए 10 आइपीएस के साथ डेढ़ हजार से अधिक पुलिस अधिकारी-जवानों की ड्यूटी लगाई गई है। मंगलवार को एसपीजी के अधिकारियों के मार्गदर्शन में स्थानीय स्तर पर अंतिम पूर्वाभ्यास सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया। जिस रास्तों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुजरेंगे, उस रास्तों से होकर अधिकारियों ने फाइनल रिहर्सल किया। कार्यक्रम में शामिल होने वाले लोगों को दो घण्टे पहले पहुंचने की अपील स्थानीय प्रशासन ने की है। कालेज मैदान में बेहतर सुविधाओं के बीच कार्यक्रम होगा।

#### मंच पर मंत्री,विधायक व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष

अपनी तीसरी सभा को अंबिकापुर में संबोधित करने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आ रहे हैं। इससे पहले 2013 में बीजेपी व एनडीए के उम्मीदवार के रूप में तथा 2018 में विधानसभा चुनाव के दौरान कालेज मैदान पर आयोजित जन सभा में नरेन्द्र मोदी चुनाव प्रचार करने आए थे। सभा में प्रधानमंत्री के साथ मंच पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह, मंत्री रामविचार नेताम, श्याम बिहारी जायसवाल, लक्ष्मी राजवाडे सहित संभाग के सभी विधायकगण उपस्थित रहेंगे। प्रधानमंत्री के आगमन और विदाई के समय लगभग 100 लोगों को मुलाकात का अवसर मिलेगा।



### 29 को आएंगे राहुल गांधी

**बिलासपुर।** तीसरे चरण के लोकसभा चुनाव के दौरान प्रदेश में कांग्रेस के स्टार प्रचारकों के आने का सिलसिला प्रारंभ हो रहा है। 29 अप्रैल को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी बिलासपुर प्रवास पर आ रहे हैं। तखतपुर विधानसभा क्षेत्र के सकरी में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। सकरी में राहुल की सभा के लिए जिला कांग्रेस कमेटी ने जिला प्रशासन से अनुमति ले ली है। राहुल गांधी की जितनी भी आमसभा हुई है तखतपुर विधानसभा में हुई है। वर्ष 2018 की विधानसभा में तखतपुर शहर में व 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान म सिंचाई कालोनी सकरी में व 2023 के विधानसभा चुनाव के दौरान भरनी के मैदान में हुई थी।

RNI No. CHHHIN/2011/38292
भारत सम्मान NEWS
अम्बिकापुर, बुधवार, 24 अप्रैल 2024


# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राजभवन में रूकने पर कांग्रेस ने जताई आपत्ति

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से मिला प्रतिनिधिमंडल, लगाया शासकीय तंत्र के दुरुपयोग का आरोप




रायपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का राजभवन में रात्रि विश्राम को लेकर कांग्रेस ने आपत्ति दर्ज की है. इसकी शिकायत कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में की है. साथ ही प्रधानमंत्री को राजभवन मे नहीं रोकने की मांग की है।

शैलेश नितिन त्रिवेदी ने प्रधानमंत्री के राजभवन में रूकने को लेकर कहा कि ये आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है क्योंकि राजभवन को संवैधानिक प्रमुख राज्यपाल का निवासी स्थान है. ऐसे में राज्य के संविधान एक प्रमुख के निवास पर प्रधानमंत्री का रात्रि विश्राम करना सीधे सीधे पूरे राज्य के प्रदाताओं को और पूरी सरकारी मशीनरी को प्रभावित करेगा और यह निष्पक्ष चुनाव की परिस्थितियों को दूषित करेगा।

उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि निष्पक्ष चुनाव के परिस्थितियों को प्रभावित करने की भाजपा की यह चाल है, जिसका हम विरोध करते हैं. हम मांग करते हैं कि निर्वाचन आयोग प्रधानमंत्री की रात्रि विश्राम के लिए उनकी गरिमा और उनकी सुरक्षा आवश्यकताओं के अनुरूप राजभवन की जगह किसी और अन्य जगहों में प्रोटोकाल के अनुसार सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित करें. उन्होंने कहा कि यदि प्रधानमंत्री राजभवन में रुकते हैं और एक भी लोकसभा से भाजपा के प्रत्याशी विजयी होते हैं तो हम सीधा न्यायालय जाएंगे। हमने हमारी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा है अगर हमारी मांग नहीं मानी जाती है तो न्यायालय जाएंगे.हमारी मांग को लेकर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी का कहना है कि हम निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर मार्गदर्शन मांग रहे हैं जैसे वहां से निर्देश मिलेगा उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

### पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा- सरकारी तंत्र का दुरुपयोग कर रही केंद्र




**गरियाबंद।** लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज लगातार अलग-अलग जिलों का दौरा कर रहे हैं और पार्टी का प्रचार कर रहे हैं. आज दीपक बैज में गरियाबंद जिले के दौरे पर हैं. जहां पीसीसी चीफ बैज चुनावी सभाओं को संबोधित कर 26 अप्रैल को होने वाले मतदान में कांग्रेस के पक्ष में प्रचार कर लोगों से वोट करने की अपील कर रहे हैं. वहीं दीपक बैज पीएम मोदी के दौरे को लेकर तंज कसा है. उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा डरी हुई है. यही वजह है कि पहले अमित शाह और अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छत्तीसगढ़ में डेरा डाले हुए हैं। इसके साथ ही बैज ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के राजभवन में रुकने को लेकर कहा कि शासन तंत्र, प्रशासन तंत्र का कहीं न कहीं केंद्र सरकार लगातार दुरुपयोग करते आई है और इस चुनाव के दौरान भी कहीं न कहीं दुरुपयोग करने का पूरा मनसा है. इसको चुनाव आयोग में शिकायत किया जाएगा. इस समय छत्तीसगढ़ की जनता ने ठान लिया है कि विधानसभा में जो प्रदेश की जनता को बीजेपी ने ठगने का काम किया है. जनता ने मन बना लिया है कि कांग्रेस को जिताएंगे. उन्होंने कहा की लोकसभा चुनाव में भाजपा से ज्यादा सीटें जीकर आएंगे।



## पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में मारे गए 29 नक्सलियों को लेकर आया बड़ा अपडेट

### सभी पर 1 करोड़ 78 लाख का इनाम था घोषित

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के हापाटोला के कलपर जंगल में 16 अप्रैल को हुई मुठभेड़ में 29 नक्सली मारे गए नक्सलियों की शिनाख्ती के बाद अब एक बड़ा अपडेट आया है. मुठभेड़ में मारे गए सभी इनामी नक्सली थे. सभी नक्सलियों पर 1 करोड़ 78 लाख का इनाम घोषित था. मारे गए नक्सलियों के पास से 7 लाख 55 हजार के हथियार भी बरामद किये गए हैं। इस मुठभेड़ में मारे गए 17 नक्सलियों पर 8-8 लाख, 5 नक्सलियों पर 5-5 लाख और एक नक्सली पर 10 लाख का इनाम था. वहीं 5 नक्सलियों पर 1-1 लाख और 1 नक्सली पर 2 लाख रूपये का इनाम घोषित था. कुल इनाम 1करोड़ 85 लाख 55 हजार रुपये थे।

## रायपुर में महंगी शराब परिवहन करते हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार





**रायपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देश पर रायपुर पुलिस द्वारा निजात अभियान के तहत नशे के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें समस्त थाना एवं एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रहीं है। नारकोटिक्स एक्ट एवं अवैध रूप से शराब पर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु विशेष टीम का गठन करने के साथ ही समस्त थाना प्रभारियों को नशे की सामग्री बिक्री करने वालों एवं सप्लाई करने वालों पर कठोर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है।

इसी क्रम में सूचना प्राप्त हुई कि चारपहिया वाहन सवार एक व्यक्ति अपने वाहन में अवैध रूप से शराब लेकर जयस्तंभ चौक की ओर आ रहा है। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर लखन पटले एवं नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली योगेश साहू द्वारा थाना प्रभारी मौदहापारा निरीक्षक मनोज नायक को आरोपी को शराब के साथ रंगे हाथ पकड़ने निर्देशित किया गया। जिस पर थाना प्रभारी मौदहापारा के नेतृत्व में थाना मौदहापारा पुलिस टीम द्वारा वाहन को पकड़ने हेतु जयस्तंभ चौक में नाकेबंदी पाईंट लगाया गया। इसी दौरान पुलिस टीम के सदस्यों द्वारा वाहन को आता देख रूकवाने का प्रयास करने पर वाहन का चालक वाहन को तेज गति से चलाते हुए के.के.रोड की ओर भागने लगा, कि पुलिस टीम के सदस्यों द्वारा वाहन का पीछा कर दौड़ाकर घेराबंदी कर वाहन को के.के. रोड स्थित कबाडी चौक पास पकड़ा गया। वाहन में एक व्यक्ति सवार था जिसने पूछताछ में अपना नाम ओम प्रथम दुबे निवासी कोटा थाना सरस्वती नगर रायपुर होना बताया गया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके वाहन की तलाशी लेने पर वाहन की डिक्की में अंग्रेजी शराब रखा होना पाया गया। शराब परिवहन करने/रखने के संबंध में ओम प्रथम दुबे से वैध दस्तावेज की मांग करने पर उसके द्वारा किसी प्रकार का कोई दस्तावेज प्रस्तुत न कर टीम के सदस्यों को लगातार गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा था। जिस पर आरोपी ओमप्रथम दुबे को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अलग-अलग ब्रान्ड के कुल 41 बॉटल अंग्रेजी शराब एवं शराब परिवहन में प्रयुक्त चारपहिया वाहन क्रमांक सी जी/04/एन आर/6239 जुमला कीमती लगभग 6,50,000/- रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना मौदहापारा में अपराध क्रमांक 148/24 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया। आरोपी ओम प्रथम दुबे थाना डी.डी.नगर का हिस्ट्रीशीटर है, जिसके विरूद्ध हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट, मारपीट सहित अन्य मामलों के दर्जनों अपराध पंजीबद्ध है जिनमें वह जेल निरूद्ध रह चुका है।

## शातिर चोर की चालाकी: बैंक से कैश के बदले चुराया एटीएम कार्ड

### फिर अलग-अलग एटीएम से करने लगा विड्रॉल, बैंक प्रबंधन के उड़े होश



**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले से एटीएम कार्ड चोरी अनोखा मामला सामने आया है. शातिर चोर बैंक से एटीएम कार्ड चोरी कर देश के अलग-अलग शहरों से एटीएम से पैसा निकलकर मस्ती कर रहा है. मामला का खुलासा तब हुआ जब पीड़ित किसान और हितग्राही बैंक पहुंचकर मैनेजर को सूचना दी कि उनके बैंक खाते से पैसे निकल रहे हैं. फिर मामले में पता चला कि 3 वर्ष पूर्व बने एटीएम कार्ड खाताधारकों को दिया ही नहीं गया था. वहीं खाताधारकों का एटीएम कार्ड बैंक से चोरी हो गई है जिसका उपयोग शातिर चोर कर रहा है। यह पूरा मामला बेमेतरा के बेरला ब्रांच स्थित जिला सहकारी बैंक का है. जहां विगत दिनों रात्रि में चोर बैंक में घुसकर एटीएम कार्ड उड़ा ले गया था. सामान बिखरा देख बैंक मैनेजर ने इसकी सूचना पुलिस को दी थी. तब बैंक मैनेजर को पता नहीं था कि बैंक से एटीएम की भी चोरी हुई है. इस घटना को लेकर पीड़ित किसान और बैंक खाताधारक ने बेरला थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है. वहीं चोरी की पूरी घटना का वीडियो फुटेज बैंक मैनेजर ने पुलिस को सौंप दिया है. लेकिन सप्ताह भर बाद भी चोर पुलिस के हाथ से बाहर है। घटना को लेकर बैंक प्रबंधक पर नाराजगी जाहिर करते हुए खाताधारकों ने कहा कि जब 3 वर्ष पूर्व हमारा एटीएम कार्ड बनकर आ गया था तो हमें सौंपा क्यों नहीं गया. ये कहीं ना कहीं बैंक की लापरवाही है. बैंक का काम संदेह के दायरे में है।

## हनुमान जन्मोत्सव पर विष्णु देव साय ने सपरिवार मुख्यमंत्री निवास में की पूजा-अर्चना

### छत्तीसगढ़ की खुशहाली के लिए की कामना

**रायपुर।** श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मुख्यमंत्री निवास में विधि-विधान से भगवान हनुमान की पूजा-अर्चना की. पूजा में मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कौशल्या साय सहित परिवारजन भी उपस्थित थे. उन्होंने भगवान हनुमान से छत्तीसगढ़ वासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने संदेश में कहा कि श्रीराम के दूत-अंजनी सुत, सकल गुण, बल और बुद्धि के सागर, महावीर हनुमान जी के जन्मोत्सव पर आप सभी छत्तीसगढ़ वासियों को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं. प्रभु हनुमान जी का आशीर्वाद समस्त प्रदेशवासियों पर बरसता रहे. सुशासन और राम राज्य की स्थापना के लिए श्री हनुमान की कृपा हम सबको मिलती रहे।



# तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति कांग्रेस का डीएनएः पीएम मोदी

## सक्ती जिले के कॉलेज ग्राउंड जेठा बाराद्वार में शंखनाद महारैली को पीएम मोदी ने किया संबोधित, हमारी प्राथमिकता गरीब, युवा, महिला और किसानों का कल्याण, हमारा 10 साल का ट्रैक रिकार्ड, उसे करने में कोई कमी नहीं छोड़ते





**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज जांजगीर-चांपा के अंतर्गत सक्ती जिले के कॉलेज ग्राउंड जेठा बाराद्वार में चुनावी सभा को संबोधित किया। विजय संकल्प शंखनाद महारैली में अपने संबोधन की शुरुआत उन्होंने जय जोहार से की। उन्होंने कहा, कोसा-कासा और कंचन की धरती में आज एक अलग ही उत्साह नजर आ रहा है। कुछ महीने पहले लोकसभा चुनाव में मैं आप सभी से आशीर्वाद मांगने आया था, आज फिर तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने के लिए आशीर्वाद मांगने आया हूं। प्रधानमंत्री ने कहा, 10 साल तक आपने मुझे देखा है, मैं आपके लिए दौड़ रहा, आपके लिए जाग रहा, इन 10 साल में मैंने एक भी छुट्टी नहीं ली है।

सोशल मीडिया में लोग कहते हैं कि मोदी जी कितना काम करते हैं, दिन रात दौड़ते-भागते रहते हैं, इन कामों के बदले मैं आपसे फिर आशीर्वाद मांगने आया हूं। मैं निश्चिंत हूं क्योंकि आप लोग बहुत दिलदार हैं। बहुत आशीर्वाद देने वाले लोग हैं। मैंने जब भी आपसे आशीर्वाद मांगा तो आपने कोई कसर नहीं छोड़ी है।उन्होंने आग्रह करते हुए कहा कि आगामी 26 अप्रैल को मोदी के लिए एक घंटे निकालकर वोट करना है। आपको जांजगीर-चांपा लोकसभा से प्रत्याशी श्रीमती कमलेश जांगडे और रायगढ़ लोकसभा प्रत्याशी श्री राधेश्याम राठिया को मेरी मदद से लिए दिल्ली भेजना है। उन्होंने कहा, मुझे माँ चंद्रहासिनी, अष्टभुजी मैय्या, गिरौदपुरी धाम, दामाखेड़ा की कृपा और आप सभी जनता के आशीर्वाद पर पूरा भरोसा है।

प्रधानमंत्री ने रामनामी समाज के योगदानों को याद करते हुए कहा, रामनामी समुदाय अपनी भक्ति, समर्पण और प्रभु के प्रेम भजन के लिए जाना जाता है। कहते हैं कि रामनामी समुदाय के पूर्वजों के पहले ही बता दिया था कि अयोध्या में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा कब होगी। यह सौभाग्य हमें मिला। उन्होंने आगे कहा, कांग्रेस के लोग हम पर तंज करते थे। हर चुनाव में हमें पूछा जाता था, मंदिर कब बनेगा, गली-मोहल्लों में कांग्रेस कहा करते थे, मंदिर वहीं बनाएंगे पर तारीख नहीं बताएंगे। आज देखिए भव्य मंदिर भी बना, तारीख भी बताई और न्योता भी दिया लेकिन कांग्रेस ने हमारी आस्था का मजाक बनाया।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा, तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति कांग्रेस के डीएनए में है7 हमारी प्राथमिकता गरीब, युवा, महिला और किसानों का कल्याण है। कांग्रेस ने 60 साल तक गरीबी हटाओ का नारा दिया और अपने नेताओं के जेब भरते रहे, झूठा वादा किया। लेकिन मोदी ने झूठा सपना नहीं दिखाया बल्कि गरीबी में जी रहे 25 करोड़ लोगों को गरीबी से निकाला। हमारी नीयत सही थी, इसलिए नतीजे भी सही मिले। हमारा 10 साल का ट्रैक रिकार्ड है, हम जो कहते हैं उसे करने में कोई कमी नहीं छोड़ते। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा, पहले छत्तीसगढ़ का किसान पानी होने के बावजूद भी धान ज्यादा नहीं उगाता था, क्योंकि उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती फसल को बेचना और कम मूल्य की थी लेकिन आज हमारे विष्णु देव साय की सरकार ने यह समस्या दूर कर दी है। 45 हजार करोड़ रूपए बहुत कम समय में ही किसानों को मिल चुके हैं। 7 हजार करोड़ रूपए किसान सम्मान निधि के किसानों को मिल चुके हैं। मेरा वादा है कि यह रकम ऐसे ही आते रहेगा।

## पीएम मोदी ने धमतरी में भी कांग्रेस पर साधा निशाना

### कहा- जिस कांग्रेस से दिल्ली का भरोसा उठ गया, उस पर छत्तीसगढ़ कैसे करेगा भरोसा



**धमतरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धमतरी जिले में आयोजित जनसभा में कांग्रेस के साथ-साथ इंडिया गठबंधन पर हमला बोला. उन्होंने कहा कि दिल्ली में जहां कांग्रेस का शाही परिवार रहता है, वहां उनके पास खुद की पार्टी को वोट देने का अवसर नहीं है, क्योंकि वहां कोई कांग्रेस का उम्मीदवार नहीं है. जिस कांग्रेस से दिल्ली का भरोसा तक उठ गया हो, उस पर छत्तीसगढ़ भरोसा कैसे कर सकता है? धमतरी जिले के ग्राम श्यामतराई में आयोजित सभा में रायपुर लोकसभा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल, महासमुंद क्षेत्र से प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी और कांकेर क्षेत्र से प्रत्याशी भोजराज नाग के पक्ष में प्रचार करने पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस के साथ-साथ इंडिया गठबंधन पर भी निशाना साथा। प्रधानमंत्री ने कहा कि दो दिन पहले झारखंड में एनडीए गठबंधन की रैली थी. वहां सरेआम एक-दूसरे के सिर फोड़े गए, कपड़े फाड़े गए. यह है इन लोगों की हालत. इंडिया वालों ने जब पहली रैली की थी, तब मंच पर कितने लोगों ने हाथ बाद बात करके उठाया था. दूसरी रैली हुई तो कितने उसमें से निकल गए? तीसरी हुई तब कितने निकल गए? और यह आखिरी रैली में तो जो पहली में थे, उसमें से आधा रह जाते हैं. सब छोड़कर भाग गए। मोदी ने कहा कि 19 अप्रैल को हमारे छत्तीसगढ़ में बस्तर सीट पर मतदान हुआ, देश के और राज्यों में भी मतदान हुआ. और उस प्रथम चरण के मतदान ने साफ कर दिया है. देश का मन एकदम साफ है, और देश का मन कहता है शक्तिशाली विकसित भारत बनाने के लिए एक मजबूत सरकार बनानी है. और इसलिए जनता जनार्दन का भरोसा सिर्फ और सिर्फ भाजपा पर है. दूसरी तरफ एनडीए गठबंधन वाले हैं. उनके आपस में ही सिरफुटौव्वल चल रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज मैं आपसे विकसित भारत, विकसित छत्तीसगढ़ के लिए आशीर्वाद मांगने के लिए आया हूं. यह छत्तीसगढ़ प्रदेश है, जिसके पास स्टील की ताकत है, कोयले की शक्ति है. छत्तीसगढ़ के पास वन संपदा का भंडार है. छत्तीसगढ़ में विकसित भारत की यात्रा को तेज गति देने का सामर्थ्य है।

# संविधान में कांग्रेस ने खुद 80 बार संशोधन किया और कहती है भाजपा आरक्षण खत्म कर देगीः विष्णु देव साय

## हार निश्चित देख मोदी जी पर अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं कांग्रेसी, मोदी जी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में जनहित का सभी काम सांय-सांय पूरा हो रहा





**सक्ती।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज प्रधानमंत्री की उपस्थिति में कांग्रेस पर खूब बरसे। सक्ती जिले के जेठा में आयोजित विजय संकल्प शंखनाद रैली में उन्होंने कहा कि कांग्रेसी गलतफहमी फैला रहे हैं कि केंद्र में फिर से भाजपा की सरकार बनी तो आरक्षण को खत्म कर देगी, संविधान से छेड़छाड़ करेगी। लेकिन संविधान से छेड़छाड़ करने वाली तो कांग्रेस है, जिसने संविधान में अब तक 80 बार संशोधन किया है। कांग्रेस अब भाजपा पर आरोप लगाकर जनता को भरमा रही है। जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी भी बोल चुके हैं कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग किसी का भी आरक्षण खत्म नहीं होगा।

उन्होंने कहा कि आज अपनी हार निश्चित देख कर कांग्रेसी, हमारे प्रधानमंत्री जी और बड़े-बड़े नेताओं पर अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। लेकिन जनता इसको बर्दाश्त नहीं करेगी, लोकसभा चुनाव में करारा जवाब देगी। श्री साय ने कहा कि कांग्रेस मुद्दाविहीन हो चुकी है इसलिए जनता को अलग-अलग मुद्दों पर भरमा रही है, तरह-तरह के षड़यंत्र कर रही है। लेकिन मैं आप सभी को आश्वस्त करने आया हूँ कि हताश और निराश हो चुकी कांग्रेसियों के इस बहकावे में बिल्कुल मत आइये। जब तक छत्तीसगढ़ में हमारी सरकार है महतारी वंदन योजना भी बंद नहीं होगी। महिलाओं को निरंतर इसका लाभ मिलता रहेगा। हर महीने के पहले सप्ताह में राशि दे दी जाएगी।

कांग्रेस और भूपेश बघेल को घेरते हुए श्री साय ने कहा कि कांग्रेस लबरा पार्टी है। कांग्रेस सरकार में 36 वादे में एक भी वादे ठीक से पूरे नहीं हुए। भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ अपराधगढ़ बन गया था, भ्रष्टाचार का गढ़ बन गया था। कांग्रेस ने शराब, कोयला, रेत, सरकारी जमीन, डीएमएफ की राशि सब में घोटाला किया। प्रदेश को लूट-लूट कर कंगाल बना दिया। नरवा गरवा घुरवा बारी में घोटाला करके गोबर का पैसा भी खा गए। तभी तो छत्तीसगढ़ की जनता ने 2023 में कांग्रेस को सरकार से आउट कर दिया।

### प्रधानमंत्री ने की विष्णु सरकार की तारीफ

शंखनाद रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विष्णु सरकार की खूब तारीफ की। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में पिछली कांग्रेस सरकार ने जनहित के मेरे सभी कामों को रोक दिया था। लेकिन अब विष्णु देव जी हैं तो सारे काम मुझे पूरे करने हैं। पीएम मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ वासियों के हित के लिए हमने जो गारंटी दी थी उसे हमारे नये मुख्यमंत्री भाई विष्णु देव साय और उनकी टीम ने आते ही कमाल कर दिया। सरकार में आते ही प्रमुख गारंटियों को प्राथमिकता से पूरा किया।प्रधानमंत्री ने कहा कि विष्णु सरकार ने किसानों को दो साल का बकाया बोनस दिया। किसानों से सर्वाधिक मूल्य में धान खरीदी की। तेंदूपत्ता संग्राहकों को दी गारंटी भी पूरी हुई है। किसान सम्मान निधि का पैसा भी हमारी सरकार निरंतर जारी कर रही है।

### शंखनाद रैली में प्रमुख रूप से ये रहे उपस्थित

शंखनाद रैली में मंत्री ओपी चौधरी, जांजगीर लोकसभा प्रत्याशी श्रीमती कमलेश जांगड़े, रायगढ़ लोकसभा प्रत्याशी राधेश्याम राठिया, राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, सतनामी समाज के धर्मगुरु बालदास, सांसद गुहाराम अजगले, विधायक गण गुरु खुशवंत साहेब, गोमती साय, गौरीशंकर अग्रवाल, भूपेंद्र सवन्नी, सौरभ सिंह, गुरुपाल भल्ला, अनुराग सिंहदेव, कमलादेवी पाटले, निर्मल सिन्हा, रामखिलावन साहू, केशव चंद्रा भी उपस्थित थे।



## पूर्व विधायक सरोजा मनहरण ने थामा बीजेपी का दामन

**सक्ती।** सक्ती की पूर्व विधायक सरोजा मनहरण राठौर अपने कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा में प्रवेश किया है. उन्होंने प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन और कैबिनेट मंत्री ओपी चौधरी के समक्ष बीजेपी का दामन थामा है। बता दें कि मनहरण राठौर कांग्रेस के प्रदेश महासचिव के पद पर थे. उनकी पत्नी सरोजा मनहरण राठौर 2008 में सक्ती से कांग्रेस पार्टी से विधायक चुनी गई थी. मनहरण नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत के खास लोगों में शामिल थे. उनकी विधानसभा चुनाव के पूर्व चरण दस महंत से दूरियां बढ़ी थी।

अपना खुद का न्यूज पोर्टल बनवाएं
पूर्ण Registration के साथ
+91 9303890212



स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक जितेन्द्र जायसवाल द्वारा जायसवाल प्रिंटिंग प्रेस राघवपुरी, डीगमा, अम्बिकापुर, छत्तीसगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। संपादक जितेन्द्र जायसवाल। मो.नं.-09424262547